



## रॉबर्ट डाउनी जूनियर की ऐसी हालत कैसे हो गई? फैन्स को लगा झटका

हॉलिवुड ऐक्टर रॉबर्ट डाउनी जूनियर की दुनियाभर में फैन फॉलोइंग है। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की फिल्मों में आयरन मैन यानी टोनी स्टार्क का किरदार निभाकर वह पूरी दुनिया में फेमस हो गए हैं। पिछली फिल्म अवेंजर्स एंडगेम में उनके किरदार का अंत हो जाता है। अपने चहेते आयरन मैन को खत्म होते देख फैन्स भावुक भी हो गए थे। अब रॉबर्ट की हालिया तस्वीरें और वीडियो देखकर फैन्स उनकी तबीयत के लिए परेशान हो गए हैं। रॉबर्ट डाउनी जूनियर सोशल मीडिया पर ऐक्टिव रहते हैं। उनके एक नए वीडियो में वह बिल्कुल पहचान में ही नहीं आ रहे हैं। टी–शर्ट में नजर आ रहे 57 साल के रॉबर्ट काफी कमजोर नजर आ रहे हैं। क्लीन शेव लुक में चश्मा लगाए रॉबर्ट काफी दुबले भी नजर आ रहे हैं। जैसे ही रॉबर्ट ने यह वीडियो अपलोड किया, उनके फैन्स परेशान हो गए और कॉमेंट में उनकी तबीयत के बारे में पूछने लगे। एक भावुक फैन ने लिखा, आपको बूढ़ा होते हुए देखना बहुत बुरा लग रहा है। ऐसे ही एक अन्य फैन लिखा, हे भगवान भरोसा नहीं हो रहा कि यह रॉबर्ट डाउनी जूनियर हैं। बता दें कि रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने 80 के दशक में अपना ऐक्टिंग करियर शुरू किया था।

## नेशनल क्रश रश्मिका मंदानां को मुंबई में देख क्रेजी हुए फैंस

नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना साउथ में अपनी धाक जमाने के बाद अब बॉलिवुड में भी एंट्री करने जा रही हैं। वो जल्द ही कई हिंदी फिल्मों में नजर आने वाली हैं, जिनमें से एक एनिमल भी है। इसमें उनके साथ रणबीर कपूर भी नजर आएंगे। दोनों स्टार्स ने हाल ही में मनाली में शूटिंग की और अब दोनों ही मुंबई लौट चुके हैं। जब रश्मिका खार इलाके में पहुंचीं तो फैंस ने उन्हें घेर बहुत ही प्यार से फोटोज क्लिक करवाईं। रश्मिका मंदाना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वो एक रेस्टोरेंट से बाहर निकलती दिखाई दे रही हैं, लेकिन तभी फैंस आकर उन्हें घेर लेते हैं और सेल्फी खिंचवाने की होड़ मच जाती है। नेशनल क्रश कही जाने वाली रश्मिका इतनी भीड़ देखकर थोड़ा झिझकती हैं, लेकिन वो किसी भी फैन को निराश नहीं करतीं और सभी के साथ स्माइल के साथ फोटोज क्लिक कराती हैं। यही नहीं, गाड़ी में बैठने के बाद वो फिर से उतरती हैं और पपराजी के सामने पोज देती हैं। रश्मिका और रणबीर मनाली में एएनिमलश की शूटिंग कर रहे थे। दोनों हाल ही में मुंबई वापस लौटे। एयरपोर्ट से उनकी कई फोटोज सामने आई हैं। दोनों पहली बार स्क्रीन पर साथ नजर आएंगे।

## कान फिल्म फेस्टिवल 2022 में पाकिस्तानी फिल्म जॉयलैंड


इस साल कान फिल्म फेस्टिवल 2022 में एक पाकिस्तानी फिल्म को एंट्री मिली है। पाकिस्तानी डायरेक्टर सइम सादिक की फिल्म जॉयलैंड को इस साल होने वाले कान फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया है। इस कैटिगरी में एक्सपेरिमेंटल सिनेमा के साथ–साथ न्यूकमर्स के काम को दिखाया जाता है। और सइद सादिक की पहली फिल्म है। पाकिस्तान की तरफ से कान फिल्म फेस्टिवल में जाने वाली फिल्म है। इस लिहाज से यह पल पाकिस्तानी फिल्म इंडस्ट्री और डायरेक्टर सइद सादिक के लिए यह पल बेहद खास है। सइद की खुशी का ठिकाना नहीं है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जॉयलैंड की पहली तस्वीर शेयर कर लिखा, मुझे JOYLAND की पहली तस्वीर शेयर करते हुए बहुत खुशी हो रही है। फिल्म 75जी Cannes Film Festival में दिखाई जाएगी। मेरी पूरी कास्ट और क्रू को बधाई। वो यह डिजर्व करते हैं। फिल्म में एक एक खुशहाल जॉइंट फैमिली है जो एक बच्चे के जन्म के लिए तरस रहा है ताकि एक पारंपरिक पितृसत्तात्मक समुदाय में वंश को जिंदा रखा जा सके। लेकिन तब बड़ा ट्विस्ट आता है जब परिवार का सबसे छोटा बेटा चुपके से एक इरॉटिक डांस थिएटर ग्रुप से जुड़ जाता है। उसे फिर एक ट्रांससेक्शुअल से प्यार हो जाता है जो बहुत ही महत्वाकांक्षी है।

# श्वेता बच्चन हमेशा मायके में ही क्यों दिखती हैं?

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*अमिताभ बच्चन के बेटे अभिषेक की तरह ही उनकी बेटी श्वेता बच्चन भी अक्सर चर्चा में रहती हैं। सभी जानते हैं कि श्वेता पैरेंट्स का कितना ख्याल रखती हैं और बिग बी–जया बच्चन भी उन पर जान छिड़कते हैं। वो हर खास मौके पर जलसा में जरूर होती हैं। हर तीज–त्योहार बच्चन परिवार संग ही मनाती हैं। उनकी कम उम्र में दिल्ली के रहने वाले बिजनसमैन निखिल नंदा संग शादी हो गई थी, लेकिन दावा किया जाता है कि वो ससुराल से ज्यादा मायके में समय बिताती हैं और इसको लेकर कई तरह की बातें भी बनती हैं। लोग ये तक कहने से पीछे नहीं हटते कि उनकी शादी में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है! कहावत तो सुनी होगी आपने कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना... ये बात यहां पर पूरी तरह से फिट बैठती हैं।*

**हर इवेंट में रहती हैं साथ**

बच्चन परिवार के लगभग सारे तीज–त्योहार में श्वेता बच्चन की मौजूदगी रहती है। वो हर मौके पर अपने माता–पिता के साथ रहती हैं। उनका पूरा ध्यान रखती हैं। उनके साथ समय बिताती हैं। यहां तक कोई बॉलिवुड की बिग फैट वेडिंग या फिर कोई इवेंट, श्वेता इन इवेंट्स में मायके वालों संग शामिल जरूर होती हैं। वो पिता अमिताभ बच्चन के साथ कई विज्ञापनों में भी नजर आ चुकी हैं, जिसकी शूटिंग इसी शहर में ही होती है। हालांकि, समाज में जो श्चार लोगश हमेशा बोलते आए हैं, वो कहते हैं कि श्वेता पति से अलग हो चुकी हैं, लेकिन वो अपने पापा की प्रतिष्ठा पर कोई आंच नहीं आने देना चाहती, इसलिए वो इस मामले पर चुप्पी साधे रहती हैं!

**क्यों उठते हैं सवाल?**

श्वेता बच्चन भले ही अपना ज्यादातर समय मायके में बिताती हैं...



अपने पैरेंट्स संग गुजारती हैं तो इसमें गलत क्या है? हर बच्चा मां–बाप से बहुत प्यार करता है, चाहे वो लड़का हो या फिर लड़की। अगर कोई लड़का पैरेंट्स की देखरेख करता है तो उसकी तारीफ होती है, लेकिन यही काम अगर लड़की करे तो इसे गलत नजरों से क्यों देखा जाता है? शादीशुदा लड़की अगर मायके में 4 दिन से ज्यादा रुक जाती है तो समाज सवाल क्यों उठाने लगता है? क्यों कहा जाता है कि उसकी मैरिड लाइफ में कुछ गड़बड़ है? इसे हमेशा जज क्यों किया जाता है? लेकिन इन सब सवालों को परे रख श्वेता ने एक स्टीरियोटाइप तोड़ा है। वो बिना समाज की परवाह किए अपने बूढ़े मां–बाप का पूरा ख्याल रखती हैं और और इसमें कुछ भी गलत नहीं है।

**ससुराल में भी बिताती हैं समय**

श्वेता अपनी ससुराल में भी वक्त बिताती हैं। पूरी फैमिली वहां आती–जाती रहती है। पिछली सर्दियों में नव्या ने सोशल मीडिया पर कई सारी फोटोज शेयर की थीं, जिसमें वो चारपाई पर बैठकर गर्मागर्म चाय पीते हुए दिल्ली की सर्दी इंजॉय करती दिखी थीं।

**चर्चा में नव्या नवेली**

इस समय नव्या नंदा भी चर्चा में हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी संग उनका नाम जोड़ा जा रहा है। दरअसल, सिद्धांत चतुर्वेदी ने हाल ही में नव्या के एक पोस्ट पर कमेंट किया था। इसके बाद ये सिलसिला आगे बढ़ता गया। जब सिद्धांत ने अपनी शर्टलेस फोटो शेयर की तो नव्या ने भी उसे लाइक किया। बस फैंस ने ये सब नोटिस कर लिया और अब उनके अफेयर की अफवाहें उड़ रही हैं। हालांकि, अभी तक दोनों ने इस पर रिएक्ट नहीं किया है।

# क्या सलमान खान ने अरिजीत सिंह का करियर तबाह कर दिया?

*अरिजीत सिंह इंडियन सिंगर और म्यूजिक कंपोजर हैं। इनका 25 अप्रैल को बर्थ डे होता है। 25 अप्रैल 2022 को वह अपना 35वां जन्मदिन मना रहे हैं। हालांकि इन्हें किसी इंट्रोडक्शन की जरूरत नहीं है। पहचान के लिए इनका नाम ही काफी है। अरिजीत अपने रोमांटिक और हार्टब्रेक सॉन्ग्स के लिए यंगस्टर्स के बीच फेमस हैं। मतलब कि अगर कोई दुखी है या किसी का दिल टूटा है या पहला–पहला प्यार है, तो उसकी प्लेलिस्ट में अरिजीत का ही गाना टॉप पर दिखाई देता था। जहां पहले हर फिल्मों में उनके ढेरों गाए गाने सुनाई देते थे। अब वह एक–दो से ही काम चला रहे हैं।*



**सलमान की नाराजगी ने बिगाड़ा अरिजीत का ग्राफ**

बात 2014 की है। जब किसी रिकॉर्डिंग से सीधे एक अवॉर्ड शो में बिना तैयार हुए सिंगर पहुंच गए थे। उस शो को सलमान खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे थे। अब अरिजीत को अवॉर्ड लेने के लिए स्टेज पर बुलाया गया। तो होस्ट ने उन्हें रोस्ट करना शुरू कर दिया। दरअसल, जब सिंगर स्टेज पर आए तो श्मेरी आशिकी बस तुमसे हीश गाना बैकग्राउंड में बजने लगा। स्टेज पर अवॉर्ड लेने के बाद अरिजीत ने उन दोनों से कहा कि उन लोगों ने सुला दिया। इस पर सलमान ने मजाक में कहा कि इसमें उनका कोई दोष नहीं है, अगर ऐसे ही गाने बजेंगे तो नींद ही आएगी। फिर सलमान ने उनसे गाना सिखाने के लिए कहा। अरिजीत ने गाने की पहली लाइन गाई लेकिन सलमान ने आवाज बिगाड़ कर उस गाने का मजाक बना दिया। हालांकि बाद में उन्होंने तारीफ की और कहा कि वह ये अवॉर्ड डिजर्व करते हैं। इसके बाद सिंगर मिथुन को भी बुलाया जाता है और तुम ही हो के उन्हें नवाजा जाता है। इसके बाद वह कहते हैं कि इस गाने ने लोगों को सुलाया नहीं बल्कि जगाया है। सलमान फट से बोल पड़ते हैं कि आपके सिंगर्स तो सोते–सोते आए हैं। अब ये बातें यहीं खत्म नहीं हुईं। इस मामले ने तूल पकड़ लिया। खबरें उड़ने लगीं कि सलमान खान की अरिजीत ने स्टेज पर इंसल्ट कर दी थी जिसके बाद ऐक्टर की फिल्म सुल्तान में जग घूमया गाना सिंगर से रिकॉर्ड करवाने के बाद उन्हें हटा दिया गया था। लेकिन बाद में उसी गाने को राहत फतेह अली खान से दोबारा रिकॉर्ड करवाया गया।

अरिजीत ने आगे लिखा, कोई दिक्कत नहीं, मैं यहां सबसे सामने माफी मांगता हूं। लेकिन आपसे एक रिक्वेस्ट है कि मुझे सुल्तान में गए हुए गाने से मत हटाइए। भले आपने उसे दूसरे सिंगर से रिकॉर्ड करवा लिया है लेकिन प्लीज मेरा वाला वर्जन रहने दीजिए।